सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–**147**
12/02/2026

स्पोर्ट्स स्टार एसेस अवाड्र्स 2026 में बेस्ट स्टेट प्रमोटिंग स्पोर्ट्स के लिये बिहार का चयन

- बिहार में मुख्यमंत्री द्वारा खेल की तरक्की के लिये किये जा रहे कार्यों की राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है तारीफ।

पटना, 12 फरवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से आज 01 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' सभागार में स्पोर्ट्स स्टार एसेस डेलीगेशन ने शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान डेलीगेशन ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि बिहार को स्पोर्ट्स स्टार एसेस अवाड्र्स 2026 में बेस्ट स्टेट प्रमोटिंग स्पोर्ट्स चुना गया है। डेलीगेशन ने बताया कि बिहार में मुख्यमंत्री द्वारा खेल की तरक्की के लिये किये जा रहे कार्यों की राष्ट्रीय स्तर पर तारीफ हो रही है। नेशनल लेवल पर स्पोर्ट्स डेवलपमेंट में बिहार की लगातार तरक्की को नेशनल जूरी टीम ने माना है। यह अवार्ड एक जानी–मानी नेशनल जूरी ने दिया है, जिसके चेयरमैन श्री सुनील गावस्कर हैं और इसमें श्री अभिनव बिंद्रा, श्री विश्वनाथन आनंद, सुश्री अंजलि भागवत, सुश्री अपर्णा पोपट और श्री एम0एम0 सोमैया जैसे जाने–माने स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को इसके लिये बिहारवासियों की तरफ से धन्यवाद दिया और उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, खेल मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, खेल विभाग के सचिव श्री महेन्द्र कुमार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक श्री रविन्द्रण शंकरण, तीन बार के ओलंपियन और इंडियन हॉकी टीम के पूर्व कप्तान श्री एम0एम0 सोमैया, स्पोर्ट्स स्टार मैगजिन के चीफ एडिटर श्री आनंद सेन गुप्ता सहित अन्य वरीय अधिकारी तथा डेलीगेशन के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

******